# राजस्थान मरु उड़ान महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम शुरू

**करौली,** (निसं)। राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या महाविद्यालय करौली में जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग करौली की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राजस्थान मरु उड़ान कि शुरूआत करौली में जिला स्तर से की है। करौली के साथ इसे पूरे राजस्थान में लागू किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक रिंकी किराड ने बताया है कि कार्यक्रम में उपजिला मजिस्ट्रेट कौशल गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी, एक्शन एड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा, बाल कल्याण समिति सदस्य फरीदा शाह, अनिता मीना, डॉ.प्रेमराज, बलेश पोसवाल, सोनम बानियाँ असिस्टेंस प्रोफेसर,पैनल अधिवक्ता आई डी खान, वर्ड वाइडलाइफ फंड से अनिल आदि ने भाग लिया राजस्थान मरू उड़ान पहल में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण, व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन,घर से उद्यिमता, आत्मरक्षा, साइबर अपराध और ड्राइविंग पाठ्यक्रम जैसी कई गतिविधियां और सत्र शामिल होंगे। इसमें बाजरा कुकीज, पर्यावरण संरक्षण और जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएँ शामिल होंगी। कमजोर इलाकों में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएँगे। उन्होने बताया कि यह गतिविधियाँ जिला और पंचायत समिति एवं ठाम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बाल अधिकारिता,उ द्योग,पुलिस, परिवहन, कृषि एवं बागवानी तथा शिक्षा, पंचायतीराज विभाग,नेहरू युवा केंद्र,एक्शनएड यूनिसेफ के प्रतिनिधि मौजूद रहें। कार्यक्रम में आशा सहयोगिनी,कार्यकर्ताओं, महाविद्यालय कि बालिकाओं सहित महिला एवं किशोरियों ने भाग लिया आगामी कार्यक्रम 13 जनवरी को हिडौन सिटी में आयोजित किया जायेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में वक्ताओं ने बालिका एवं महिलाओं कि सुरक्षा, स्वास्थ्य के साथ सशक्तिकरण को लेकर अपनी अपनी बात रखी।

## कारागृह का किया निरीक्षण

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सुप्रीम कोर्ट और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) के निर्देश पर शुक्रवार को बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने उप जिला कारागृह का निरीक्षण किया।

एडीएम रामकिशोर मीणा के निर्देश पर एसडीएम विजेन्द्र कुमार मीणा और पुलिस उपाधीक्षक संतराम के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम दोपहर 3 बजे जेल पहुंची। टीम में सीएमओ दिनेशचंद्र गुप्ता, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता बदन सिंह गुर्जर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक कृषि विस्तार और ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने बंदियों की भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं और साफ-सफाई का जायजा लिया। जेलर सुखवीर सिंह ने कारागृह की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## रन फॉर विवेक कार्यक्रम का आयोजन

**करौली,** (निसं)। करौली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला करौली के द्वारा खेलो भारत गतिविधि के तहत पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कि जयंती के अवसर पर रन फॉर विवेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मैराथन दौड़ में कार्यक्रम संयोजक मयंक भारद्वाज एवं जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया विद्यार्थी परिषद 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मानती है। इस युवा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को खेलो भारत गतिविधि के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद कि चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

# बैठक में आगामी रैली को लेकर चर्चा की

- **जिला कार्यकारिणी की बैठक मण्डल मुख्यालय भरतपुर पर गिरधारी लाल तिवारी की अध्यक्षता में हुई**

**भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय भरतपुर के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी की बैठक मण्डल मुख्यालय भरतपुर पर गिरधारी लाल तिवारी की अध्यक्षता की गयी। जिला सचिव राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि 21 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का आयोजन नुमाइश मैदान भरतपुर में किया जाना प्रस्तावित है।

इसमें भरतपुर व डीग जिले से लगभग 1400 स्काउट व गाइड भाग लेंगें। आलोक शर्मा सहायक स्टेट कमिश्नर ने बताया कि जिला रैली भोजन आवास एवं भौतिक व्यवस्थाओं को सुव्यस्थित तरीके से करने की योजना बनाने पर अपने विचार रखें। साथ ही व्यवस्थाओं में सहातार्थ हेतु जिले के भामाशाहों से साथ देना का आठाह किय तथा सीमा रिजवी सीओ गाइड ने बताया कि अगर भामाशाओं की सहायता प्राप्त होती है तो बच्चों की संख्या में बृद्धि होगी तथा अधिक से अधिक बच्चे रैली में भाग ले सकगें। देवेन्द्र कुमार मीना सी.ओ. स्काउट ने मीटिंग में होने वाले कार्यक्रम व व्यवस्थाओ के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त नीता शर्मा ने कहा कि बच्चों पर अधिक आर्थिक भार नहीं पडे इसके लिए स्थानीय सघों को भी इसमें सहयता प्रदान करने हेतु आदेशित किया। इस अवसर पर, उपप्रधान हरीशचन्द शर्मा, अशोक पाराशर, कविता गोयल, आजीवन सदस्य जगदीश प्रसाद अठावाल, प्रताप सिंह, जगदीश उपमन संस्था प्रधान प्रतिनिधि रनधीर सिंह, दर्शना चावला, गाइडर सुनीता कुमारी, सत्यलेखा आदि उपस्थित रहे।

# नौ सूत्री मांगों का उपखण्डाधिकारी के कानूनगो को सौंपा ज्ञापन

पहाड़ी, (निसं)। (निस)। पहाडी में गुरूवार को पटवार संघ पहाड़ी उपशाखा के अध्यक्ष नासिर खानं के नेतृत्व में पटवार संघ ने लम्बित मांगो को लेकर जरिए (तहसीलदार) कानूनगो विश्म्बर को प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन सौपा गया है। मांग पूरी नही होने पर 13 जनवरी से संपूर्ण कार्य का वहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पटवारियो ने अपनी मांगो को पूरा कराने की मांग करते हुए मांग पत्र मे बताया है की गिरदावारी एप्प में पटवार संघ के ज्ञापन के अनुसार आवश्यक संशोधन करने, ताकि गिरदावरी कार्य पटवारी द्वारा सम्भव हो सके। पटवार संघ सर्वेयर व नियुक्ति का विरोध करता है। भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू-अभिलेंख निरीक्षक वृत्त की वित्तिय स्वीकृति, लम्बित/रिव्यू डीपीसी का आयोजन, भूअभिलेख निरीक्षक से नायव तहसीलदार पद की डीपीसी, 751 नव सृजित भू अभिलेख निरीक्षक के पदो के निर्धारण, संसाधन एंव कार्यलय फर्नीचर, नायव तहसीलदार से तहसीलदार में पदोन्नितकोटा बढाने, तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे को पुनर्निर्धारण करने, भूप्रबंधक आयुक्त नियम विरू, जारी वरिष्ठता सूची निरस्त करने, स्टेशनरीक भत्तो मे बढोतरी आदि कीमांग की है।





